प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

जिला परिषद नतीजे

प्रदेश में हुए जिला परिषद चुनावों के लिए मतों की गिनती जारी है। अभी तक कुल 251 जिला परिषद वार्डों में से 229 वार्डों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इनमें से 136 वार्डों में भाजपा समर्थित जबकि 52 वार्डों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे हैं। 43 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं।

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार अभी तक उना जिला में सभी 17, बिलासपुर में 14 में से 7, कांगड़ा में 54 में से 22, किन्नौर में 11 में से 9, कुल्लू में 14 में से 11, शिमला में 25 में से 20, हमीरपुर में सभी 19, मंडी में 36 में से 23, चंबा में 18 में से 12, लाहौल–स्पीति में सभी 10 , सिरमौर में 17 में से 10 और सोलन में 17 में से 14 जिला परिषद वार्ड सदस्यों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला परिषद के नतीजों में अधिकांश जिलों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

मंडी चुनाव

मंडी जिला परिषद के नतीजों में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। मंडी जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री कौल सिंह की बेटी चंपा ठाकुर कोटली वार्ड से जिला परिषद का चुनाव हार गई हैं। इसी तरह धर्मपुर क्षेत्र के टीहरा वार्ड से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की बेटी वंदना गुलेरिया भी चुनाव हार गई हैं। वंदना गुलेरिया मात्र 47 मतों के अंतर से हारीं, जबकि चंपा ठाकुर 2 हजार 4 सौ 64 मतों के बड़े अंतर से पराजित हुईं।

चंबा चुनाव

चंबा जिला परिषद के अब तक 18 में से 12 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित किए गए हैं। यहां घोषित परिणामों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित तुलसी राम की धर्मपत्नी लीला देवी चुनाव जीत गई हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता–

लाहौल–स्पीति चुनाव

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में पंचायत समिति और जिला परिषद के सभी वाडों के चुनाव घोषित कर दिए गए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पीति जिला संवाददाता–

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्थानीय शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के नतीजे लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत और सरकार की जनहितकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि प्रदेशवासियों ने विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देने वाली राजनीति का समर्थन किया है।

मौसम

प्रदेशवासियों को आने वाले दिनों में प्रचंड गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आगामी 6 जून तक अलग–अलग स्थानों में वर्षा होगी। विभाग ने 3 से 6 जून तक राज्य के छह जिलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और आंधी–तुफान का येलो अलर्ट जारी किया है।